# चित्रकूट-पुलिस

**(1) प्रेसनोट- चित्रकूट पुलिस**
**दिनांक-21.10.2025**

"मिशन शक्ति फेज-5.0: महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित "मिशन शक्ति अभियान-5.0'
*सम्मान, स्वालंबन को समर्पित मिशन शक्ति फेज-5.0' पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मिशन शक्ति टीम थाना बरगढ़ द्वारा ग्राम बसिनिहा ,सिंगलपुरवा में, मिशन शक्ति टीम थाना भरतकूप द्वारा कस्बा अकबरपुर में, मिशन शक्ति टीम पहाड़ी द्वारा कस्बा पहाड़ी में ,मिशन शक्ति टीम थाना रैपुरा द्वारा बोडीपोखरी,लालापुर,गडरिया पुरवा में, मिशन शक्ति टीम कोतवाली कर्वी द्वारा धतुरहा चौराहा,रेलवे स्टेशन,शंकर बाजार,महिला थाना मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम कालूपुर पाही में एवं अन्य समस्त थानों की एन्टीरोमियो टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में "मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत छात्र/छात्राओ, महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।*
*इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-*
1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण,स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम,निम्न आय वर्ग बस्तियों,गांवों,वार्डों,मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों,कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।
2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता,साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी,महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।
3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण,गुड टच/बैड टच की जानकारी।
महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ
1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
1090 – वीमेन पावर लाइन
181 – वीमेन हेल्पलाइन
112 – पुलिस आपातकालीन सेवा
102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस
108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा
1098 – चाइल्ड लाइन
101 – अग्निशमन सेवा
1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई ।
इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर

अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2).** आज दिनाँक 21.10.2025 को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन्स चित्रकूट स्थित शहीद स्मारक पर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा शहीद पुलिस जवानों को याद किया गया तथा सम्पूर्ण उ0प्र0 में कर्तव्य पालन के दौरान सितम्बर 2024 से अगस्त 2025 तक शहीद हुये पुलिस जवानों के नामों व उनकी वीर गाथाओं को पढ़कर सुनाया गया तथा शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित करते हुये सभी शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धांजली अर्पित की गयी। इसी क्रम में इस अवसर पर उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारीगणों द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि दी गयी। तत्पश्चात सेरेमोनियल गार्द द्वारा शहीद पुलिस जवानों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तथा उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा सभी शहीद पुलिस जवानों को शोक सलामी दी गयी व 02 मिनट का मौन धारण किया गया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान श्री अजेय कुमार शर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविन्द कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी मऊ श्री फहद अली,प्रतिसार निरीक्षक श्री रामाशीष यादव,वाचक पुलिस अधीक्षक श्री राजीव कुमार सिंह,प्रभारी निरीक्षक सोशल मीडिया/साइबर सेल श्री निशिकांत राय एवं समस्त थाना/शाखा प्रभारी तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

प्रेस नोट-चित्रकूट पुलिस

भगवान श्रीराम चंद्र की तपोभूमि चित्रकूट के पवित्र स्थल रामघाट पर मंडला आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा दीपदान किया गया तत्पश्चात रामघाट पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

आज दिनांक 21.10.2025 को मंडला आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा श्री अजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा भगवान श्रीराम चंद्र की तपोभूमि चित्रकूट के पवित्र स्थल रामघाट पर दीपदान किया गया तत्पश्चात रामघाट पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

मंडला आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित श्रद्धालुओं एवं नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने, पर्यावरण की रक्षा करने एवं सौहार्द पूर्वक पर्व मनाने की अपील की गयी तत्पश्चात मंडला आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा व पुलिस अधीक्षक ने मेला भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया उन्होंने ड्यूटी में लगे सुरक्षा कर्मियों को निर्देशित किया कि लगातार मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी करें किसी प्रकार श्रद्धालुओं को समस्या नहीं आनी चाहिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री उमेश चन्द्र निगम, उप जिलाधिकारी न्यायिक मानिकपुर सुश्री पूजा गुप्ता, उप जिलाधिकारी कर्वी सुश्री पूजा साहू, क्षेत्राधिकारी मऊ श्री फहद अली, नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव, चौकी प्रभारी सीतापुर श्री अनिल गुप्ता, पीआरओ पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार सिंह व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

आज दिनांक 21.10.2025 को अपर पुलिस अक्षीक्षक श्री सत्यपाल सिंह द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में दीपावली/कार्तिक अमावस्या मेला की व्यवस्थाओं को लेकर तीर्थ क्षेत्र रामघाट का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान मेला में लगे सभी अधिकारी/कर्मचारीगण को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने एवं श्रद्धालुओं से विनम्रता पूर्वक व्यवहार करने हेतु बताया गया तथा घाटों पर लगे पुलिस बल को बताया गया कि गहरे पानी में जाने के लिए श्रद्धालुओं को रोके,जो नाव लगे है उनकी सहायता से तत्काल बचाव का कार्य करेंगें।